No. of Printed Pages : **3**

एम.एम.डी.ई.-015

00945

बी.एड. (विशेष शिक्षा)

सत्रांत परीक्षा

दिसंबर, 2011

एम.एम.डी.ई.-015 : हिन्दी में शिक्षण

समय : 2 घंटे *अधिकतम अंक : 50*

नोट: *इस प्रश्न पत्र में कुल **तीन** भाग हैं : **क, ख** और **ग**। प्रत्येक **भाग** के नीचे प्रश्न हल करने संबंधी निर्देश दिए गए है, उन्हें ध्यान से पढ़ें।*

खण्ड - क

सभी-प्रश्नों के ***अंक बराबर*** हैं। कृपया ***सभी प्रश्नों*** के उत्तर दें। **5x2=10**

1. भाषाई कौशल क्या है ? वे कितने प्रकार के होते हैं - समझाएँ।

2. अपनी पाठ्य-पुस्तक के आधार पर भाषा की परिभाषा दें और भाषा की प्रकृति पर संक्षिप्त रूप से विचार लिखें।

3. अपनी पाठ्य-पुस्तक के आधार पर ध्वनि और अर्थ के सम्बन्ध पर विचार करें।

4. क्रोन बैंक और कार्टरगुड द्वारा पाठ्य-पुस्तक के बारे में दिए गए अभिमत की समीक्षा करें।

5. भाषा शिक्षण पाठ्यक्रम के सिद्धांतों की व्याख्या करें।

खण्ड - ख

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक बराबर हैं। 4x5=20

6. लेखन शिक्षण के उद्देश्य कौन-कौन से हैं? इसके विभिन्न चरणों का उल्लेख करें।

7. पठन शिक्षण की प्रक्रिया और अक्षर बोध की विधियों को समझाकर लिखें।

8. भाषा प्रयोगशाला पर टिप्पणी लिखें।

9. श्रुतलेख क्या है? अपनी पाठ्य-पुस्तक के आधार पर उसके विभिन्न स्तरों का उल्लेख करें।

10. 'असंख्य इन्द्र धनुषों के बीच' पाठ की परिचयात्मक समीक्षा करें।

खण्ड - ग

11. कथा वस्तु, पात्र, परिवेश, भाषा, सम्वाद, शैली, मंथन की दृष्टि से 'रीढ़ की हड्डी' का विश्लेषणपरक मूल्यांकन करें। 10

अथवा

कहानी शिक्षण के विविध पहलुओं की व्याख्या करते हुए किसी श्रेष्ठ कहानी एवं कहानीकार पर टिप्पणी करें।

12. जीवनी और संस्मरण में अन्तर स्पष्ट करते हुए अपनी पाठ्य-पुस्तक में संकलित जीवनी की समीक्षा करें। 10

अथवा

व्यावहारिक व्याकरण के विभिन्न रूप एवं व्याकरण शिक्षण की विधियों को स्पष्टता से समझाएँ।